कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक – उनि / सशि / एफ–501 / निशु / पापु / 2020–21 / 294 दिनाक – 03.11.2020

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, **अति–आवश्यक**

समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक

विषय :– **शैक्षिक सत्र 2020–21 में कक्षा 1 से 5 तक कक्षा स्तर की कार्य पुस्तिकाएं एवं कक्षा 3 से 8 तक के कक्षा स्तर से न्यून स्तर के विद्यार्थियों को कार्य पुस्तिकाओं के विद्यार्थियों को वितरण के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिसर एवं राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा कक्षा 1 से 5 तक कक्षा स्तर की कार्य पुस्तिकाए (हिन्दी, गणित एवं अंग्रजी) एवं कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियो हेतु न्यून स्तर कार्य पुस्तिकाएं तैयार की गई है। कक्षा स्तर से न्यून स्तर के विद्यार्थिओं को कक्षा स्तर तक लाने के लिए, कक्षा स्तर की बुनियादी दक्षताओं के आधार पर अंग्रेजी, गणित व हिन्दी की कार्य पुस्तिकाएं विद्यार्थिओं को स्वयं अभ्यास करके सिखने का अवसर प्रदान करेंगी।

इन कार्य पुस्तिकाओं को ब्लॉक स्तर के माध्यम से पीईईओ / सीआरसी क्षेत्र एवं यहाँ से विद्यालयों तक पहुँचाया जाना है। विद्यालय स्तर पर अभिभावकों / शिक्षकों / कक्षा 11 व 12 मे अध्ययनरत विद्यार्थिओं के माध्यम से कार्य पुस्तिकाएं संबंधित विद्यार्थियों को वितरित की जानी है। इस संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा भी समय–समय पर निर्देश प्रदान किये जाते रहे है। शाला दर्पण पोर्टल पर कार्य पुस्तिका वितरण मॉड्यूल आवलोकन करने पर यह ध्यान में आया की अभी तक समस्त विद्यार्थिओ को कार्य पुस्तिकाओं का वितरण नहीं हुआ है।

पुनः निर्देशित किया जाता है कि प्रभावी प्रबोधन करते हुए दिनांक 07.11.2020 तक विद्यार्थियों को फेज 1 एवं फेज 2 की कार्य पुस्तिकाओं का वितरण करना सुनिश्चित करें। इसे सर्वोच्च प्राथमिक प्रदान करें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajsevak.com

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्ष परिषद, जयपुर
2 निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर
3 समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिंक / माध्यमिक (मुख्यालय)
4 समस्त मुख्य ब्लॉक, शिक्षा अधिकारी
5 समस्त संस्था प्रधान, राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय।
6 शाला दर्पण प्रभारी, कार्यालय हाजा को शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करने बाबत।

उपनिदेशक
समाज शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर